दिनांक 22.05.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई ने निगम के विभिन्न व्यवसायिक परिसर क्षेत्र में अनुज्ञप्ति एवं गोमास्ता लायसेंस बनाने हेतु लगाये गये सात स्थानों पर शिविर के माध्यम से 415 लायसेंस बनाये गये जिससे 2 लाख 28 हजार रुपये शुल्क जमा किया गया। आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने निगम क्षेत्र के व्यापारियों की सुविधा के लिए उनके मार्केट क्षेत्र में ही शिविर लगाकर नवीन अनुज्ञप्ति एवं गोमास्ता लायसेंस का नवीनीकरण , जलकर, सम्पत्तिकर जमा करवाने के निर्देश स्वास्थ्य अमले को दिये थे जिसके तहत् 6 मई से 21 मई तक विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में शिविर का आयोजन 415 लायसेंस बनाये गये जिससे 2 लाख 28 हजार रुपये लायसेंस शुल्क के रुप में जमा किया गया। शिविर में ही सम्पत्तिकर एवं जलकर राशि के रुप में 3 लाख 40 हजार रुपये व्यवसायियों द्वारा जमा करवाया गया है। इस प्रकार शिविर के माध्यम से 5 लाख 68 हजार रुपये कुल राशि निगम कोष में जमा हुआ है।

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''